अयोध्या समाचार
जो दिखा वही लिखा
Regd. No.- 1224/14-15

नकली डिटर्जेंट पाउडर बनाने वाली फैक्ट्री को किया गया सील, दिल्ली से आई टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से की कार्यवाही

अंबेडकर नगर। कोतवाली टांडा क्षेत्र के मोहल्ला हयातगंज में गाय छाप नकली डिइटरजेंट पाउडर की फैक्ट्री में दिल्ली से आई टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ छापा मार कर भारी मात्रा में निर्मित नकली डिटर्जेंट रैपर आदि बरामद कर फैक्ट्री को सील कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली टांडा इंस्पेक्टर दीपक सिंह रघुवंशी ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर दिल्ली से आए मजिस्ट्रेट के साथ मोहल्ला मीरानपुरा विंध्यवासिनी कॉलोनी में छापा मारकर उपरोक्त नकली डिटर्जेंट, रैपर व कच्चा माल बरामद करते हुए वहा रिसीवर की नियुक्ति कर दी गई है। गाय छाप डिटर्जेंट के निर्माता शब्रोक इंडिया के अधिकारियों ने आम जनता से नकली उत्पाद से सावधान रहते हुए असली उत्पाद इस्तेमाल करने की अपील की है।

Source: https://ayodhyasamachar.com/the-factory-making-fake-detergent-powder-was-sealed-the-team-from-delhi-took-action-with-the-help-of-local-police/